Rediffusion/Edelman

Publication: Rashtraprakash
Date: 12/09/2013
Edition: Nagpur
Page No: 08
Headline: Centre point school wins Nagpur TCS IT Wiz Quiz

सेंटर प्वाइंट स्कूल ने बाजी मारी

'स्मार्ट टेक विजाड्र्स'' 2013 के विजेता घोषित

नागपुर। शहर के विभिन्न स्कूलों के 1,100 से अधिक छात्रों ने सिविल लाईंस, नागपुर स्थित डॉ. वसंतराव देशपांडे हॉल में आयोजित टीसीएस आइटी विज में हिस्सा लिया. टीसीएस आइटी विज-देश के सबसे बड़े अंतर विद्यालय आइटी क्विज का आयोजन अग्रणी आइटी सर्विसेज, कंसल्टिंग और बिजनेस सॉल्युशन्स फर्म टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा किया गया था.

नागपुर संस्करण के रिजनल फाइनल्स में बेहद कड़ा और दिलचस्प मुकाबला देखा गया. इसमें सेंटर प्वाइंट स्कूल नागपुर के शौविक डे और क्षितिज गुप्ता ने अपने करीबी प्रतिद्वंदी भवन्स बीपी विद्या मंदिर स्कूल के शादाब खान व विश्वरूप खानोरकर को हराया. विजेताओं को आइपैड तथा रनर्स अप टीम को गैलेक्सी टैबलेट दिया गया. विजेता जोड़ी ''स्मार्ट टेक विजाड्र्स 2013'' का खिताब जीतने के लिये मेगा फाइनल्स में नागपुर का प्रतिनिधित्व करेंगी. पुरस्कारों का वितरण चैतन्य साठे, वाइस प्रेसिडेंट और प्रमुख-बिजनेस ऑपरेशन्स, टीसीएस मुंबई द्वारा किया गया.